Web Copy not Official

**In the court of Sri Rishi Kumar Singh, Principal Judge, Family Court, Vaishali at Hajipur Maintenance Case No:-194/2023**

**शोभा कुमारी पति गुड्डु कुमार सहनी,**
**नैहरी पता–पिता तपेश्वर सहनी,**
**ग्राम महम्मदपुर दरिया, थाना गोरौल, जिला वैशाली।**

**.......................आवेदिका**

**बनाम**

**गुड्डु कुमार सहनी, पिता शिवु सहनी,**
**निवासी ग्राम एवं पो0 विन्दा, वार्ड नं0–14, थाना मुश्हरी, जिला मुजफ्फरपुर।**

**............................विपक्षी**

01.06.2026 आवेदिका अनुपस्थित हैं।

वाद पुकार पर आवेदिका की ओर से कोई भी उपस्थित नहीं हुआ।

अभिलेख का अवलोकन किया। अभिलेख के अवलोकन से विदित होता है कि आवेदिका दिनांक 06.05.2025 से निरन्तर अनुपस्थित चली आ रही है। प्रस्तुत वाद बहस हेतु चला आ रहा है। दिनांक 21.01.2026 के आदेश द्वारा आवेदिका को शपथ पर आय की विवरणी दाखिल करने हेतु अंतिम अवसर दिया गया।

आज वाद बार–बार पुकार किया गया, परन्तु आवेदिका की ओर से कोई भी न्यायालय में उपस्थित नहीं हुआ तथा आवेदिका की ओर से कोई पैरवी नहीं दाखिल की गयी है तथा अभिलेख के अवलोकन से ऐसा प्रतीत होता है कि आवेदिका को अब प्रस्तुत वाद में कोई अभिरूची नहीं रह गयी है।

अतः उपरोक्त तथ्यों के आधार पर प्रस्तुत वाद को अभियोजन के अभाव में खारिज किया जाता है। कार्यालय नियमानुसार अभिलेख अभिलेखागार में जमा करें।

(लेखापित)

प्रधान न्यायाधीश,
वैशाली, हाजीपुर।